दिनांक 22.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के आदेशानुसार निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में स्वच्छता एप डाउनलोड कराये जाने हेतु काउंटर बनाया गया है। जिसमें निगम में विभिन्न कार्यों के लिए क्षेत्र के गणमान्य नागरिक आते हैं जिन्हे स्वच्छता बनाये रखे जाने के संबंध में अपील करते हुए उनके मोबाईल में स्वच्छता एप डाउनलोड कराया जायेगा। स्वच्छता एप डाउनलोड करने के क्या फायदे हैं इस संबंध में काउंटर में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की जायेगी। नागरिकों के द्वारा स्वच्छता एप में की गई शिकायत का संबंधित अधिकारी के द्वारा मौके का निरीक्षण कर निराकरण किया जायेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी